दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष 12 • डिजिटल अंक 288 • मुंबई, सोमवार, 24 अगस्त, 2026 • प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ 04 • मूल्य : 0.00/- • नि:शुल्क

## खबर संक्षिप्त

### टेम्पो, 10 क्विंटल सरसों और 15 क्विंटल लहसुन चोरी में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़@पदमावत मीडिया।** बड़ीसादड़ी थाना पुलिस ने टेम्पो सहित सरसों और लहसुन चोरी के मामले में वांछित आरोपी राहुल जटिया को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर चुकी है। पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को बोहेड़ा स्थित गोदाम से टेम्पो, 20 कट्टों में 10 क्विंटल सरसों और 15 क्विंटल लहसुन सहित कूलर, एलईडी और गैस चूल्हा चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। अनुसंधान के दौरान याजीद मीर खां, इरफान मोहम्मद और दीपक जटिया को गिरफ्तार कर चोरी का टेम्पो, सरसों, गैस चूल्हा, एलईडी, कूलर तथा लहसुन बेचने से प्राप्त 52 हजार रुपये बरामद किए गए। मामले में वांछित राहुल जटिया (निवासी बोदियाना, चंदेरिया, हाल बानसेन, भदेसर) को 22 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में एएसआई झामेश्वर सिंह, कांस्टेबल श्रवण कुमार, बाबूलाल, धर्मीचंद और जगदीश शामिल रहे।

### लातूर में मटका-जुआ अड्डों पर छापे, 26 आरोपियों पर कार्रवाई



**लातूर@पदमावत मीडिया।** नांदेड परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शहाजी उमाप के निर्देश पर विशेष पुलिस दल ने लातूर में मटका और जुआ अड्डों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 26 आरोपियों पर शिकंजा कसा। पुलिस ने दोनों स्थानों से कुल 19 लाख 8 हजार 30 रुपये का सामान जब्त किया। मुरुड बायपास स्थित शेड पर कार्रवाई में 19 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर 17 लाख 81 हजार 740 रुपये का सामान जब्त किया गया। इसमें नकदी, 19 मोबाइल फोन, दो चाकू और 10 मोटरसाइकिल शामिल हैं।

इसी तरह शिवाजीनगर क्षेत्र में मटका बुकिंग के खिलाफ कार्रवाई कर सात आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया। यहां से 1 लाख 26 हजार 290 रुपये का सामान जब्त हुआ, जिसमें नकदी, सात मोबाइल फोन और जुआ सामग्री शामिल है। दोनों मामलों में महाराष्ट्र जुआ अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच जारी है। पुलिस ने नागरिकों से अवैध मटका-जुआ गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने की अपील की है।

### 51.76 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार, डीजायर कार जब्त



**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** जालोदा जागीर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई करते हुए 51 किलो 760 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त मारुति डीजायर कार भी जब्त की है। बरामद डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 7.65 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार नानामा की भागली तिराहे पर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध डीजायर कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक कार को हड़मटिया जागीर की ओर भगाने लगा। पीछा कर कार को रुकवाकर तलाशी ली गई, जिसमें तीन कट्टों से डोडाचूरा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि उर्फ रविंद्र विश्नोई, निवासी पवारों की ढाणी, फिंच, थाना लूणी, जिला जोधपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जांच शुरू कर दी है।

### 5.48 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, आई-20 कार जब्त

**सवाई माधोपुर@पदमावत मीडिया।** बाटोदा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5.48 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से आई-20 कार भी जब्त की।



पुलिस के अनुसार 22 अगस्त की रात नवाडिया ढाणी जीवद क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के मौजूद होने की सूचना पर टीम ने दबिश दी। तलाशी में स्मैक बरामद होने पर ओमप्रकाश मीणा (27), निवासी कोडिया, करौली और सौरभ कुमार मीणा (25), निवासी फुलवाड़ा, सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। कार्रवाई बाटोदा थाना प्रभारी भोजराज के नेतृत्व में की गई।

# समाजहित में कार्य करने वालों का सम्मान राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा

## सर्वोत्तम नागरिक सम्मान समारोह में विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, सिनेमा और सामाजिक क्षेत्र की 18 हस्तियों का सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**मुंबई।** समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान केवल गौरव का विषय नहीं, बल्कि उनके कार्यों से नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह बात राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मेघाश्रेय फाउंडेशन की ओर से मुंबई के द सेंट रेजिस होटल में आयोजित सर्वोत्तम नागरिक सम्मान-2026 समारोह में कही। समारोह में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संगठन प्रभारी रामलालजी सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में विज्ञान, अनुसंधान, रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संगीत, कला-संस्कृति, फिल्म, सामाजिक कार्य और अध्यात्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 18 हस्तियों को सम्मानित किया गया।

राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने कहा कि आज आईटी विशेषज्ञ, चिकित्सक, वास्तुकार, कलाकार, उद्यमी और विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले लोगों का एक मंच पर आना विशेष बात है। केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक का उपयोग समाज के विकास तथा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान और विज्ञान को विशेष महत्व दिया गया है। भारतीय जीवन पद्धति में अनुशासन और स्वतंत्रता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। अनुशासन किसी बंधन का नाम नहीं, बल्कि स्वतंत्रता की दिशा में ले जाने वाली शक्ति है। समाज में एकरूपता के बजाय विविधता को स्वीकार करना और परस्पर सम्मान की भावना रखना समाज को अधिक मजबूत बनाता है।

राज्यपाल ने कहा कि सम्मानित की गई प्रत्येक हस्ती समाज के लिए आदर्श है। उनके कार्यों को व्यापक समाज तक पहुंचाना और युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक कार्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**मन से सही लगे रास्ते पर चलने वाले ही श्रेष्ठ नागरिक : आशीष शेलार**

मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने कहा कि जीवन के सफर में अक्सर व्यक्ति के सामने दो रास्ते होते हैं। एक रास्ता जल्दी सफलता की ओर ले जाता है, जबकि दूसरा रास्ता मन को सही लगता है, लेकिन उस पर आगे बढ़ने के लिए अधिक समय और संघर्ष करना पड़ता है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ मन से सही लगने वाले रास्ते पर आगे बढ़ता है, वही वास्तविक अर्थों में श्रेष्ठ नागरिक बनता है।



उन्होंने कहा कि समारोह में सम्मानित सभी व्यक्तियों ने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए समाज और भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने में योगदान दिया है। किसी ने सेवा के माध्यम से, किसी ने अभिनय के क्षेत्र में, तो किसी ने सामाजिक कार्य और अपने पेशेवर योगदान से समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया है। इन सभी का जीवन और कार्य नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संगठन प्रभारी रामलालजी ने भी समारोह में अपने विचार व्यक्त किए।

मेघाश्रेय फाउंडेशन की संस्थापक सीमा सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए सर्वोत्तम नागरिक सम्मान की उद्देश्यपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समाज के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान करना और उनके प्रेरणादायी जीवन एवं कार्यों को युवा पीढ़ी के सामने लाना है।

**18 हस्तियों का हुआ सम्मान**

सर्वोत्तम नागरिक सम्मान-2026 मेघाश्रेय फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस पहल का तीसरा वर्ष है। इसके माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाता है। सम्मानित होने वाली हस्तियों में भारतीय संगीत, पार्श्वगायन और गजल के क्षेत्र में योगदान के लिए हरीहरन, रासायनिक अभियांत्रिकी, अनुसंधान एवं वैज्ञानिक नेतृत्व के लिए प्रो. ज्येष्ठराज भालचंद्र जोशी, कारगिल युद्ध और टाइगर हिल अभियान में अदम्य शौर्य के लिए परमवीर चक्र विजेता मानद कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव, आध्यात्मिक विचार एवं प्रेरणादायी वक्तृत्व के लिए जया किशोरी शामिल रहीं।

भोजपुरी एवं हिंदी फिल्म जगत में योगदान तथा युवाओं में लोकप्रियता के लिए सांसद रवि किशन को जेन जी ट्रेंडसेटर के रूप में सम्मानित किया गया। एसिड हमले से पीड़ितों के अधिकारों के लिए सामाजिक संघर्ष एवं जनजागरूकता के लिए लक्ष्मी अग्रवाल, भारतीय पाककला को देश-विदेश में लोकप्रिय बनाने के लिए संजीव कपूर और मराठी फिल्म, रंगमंच एवं दूरदर्शन के क्षेत्र में लंबे योगदान के लिए अशोक लक्ष्मण सराफ को जीवनगौरव सम्मान प्रदान किया गया। संगणक विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. देवांश धनगर, भारतीय फिल्म संगीत में लोक, पारंपरिक एवं आधुनिक संगीत के समन्वय के लिए सलीम मर्चेंट, स्कूली शिक्षा एवं शैक्षणिक नेतृत्व के लिए सुजय जयराज, श्वसन एवं फेफड़ों के रोगों के उपचार के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. जलील डी. पारकर तथा मराठी भाषा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए केदार जोशी को सम्मानित किया गया।

हिंदी फिल्म जगत में निर्देशन, निर्माण एवं फिल्म शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सुभाष घई, विभिन्न भारतीय भाषाओं की फिल्मों में अभिनय के लिए अभिमन्यु सिंह, नृत्य निर्देशन के साथ निर्देशन, निर्माण एवं लेखन में बहुआयामी योगदान के लिए अहमद खान, हिंदी फिल्म जगत में अभिनेत्री के रूप में योगदान के लिए भूमि पेडनेकर तथा अभिनेता के रूप में योगदान के लिए अभिषेक सिंह को सम्मान प्रदान किया गया।

राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संगठन प्रभारी रामलालजी के हाथों सभी सम्मानित हस्तियों को सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह का उद्देश्य केवल पुरस्कार प्रदान करना नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रेरणादायी हस्तियों के जीवन, संघर्ष और योगदान को समाज एवं युवा पीढ़ी तक पहुंचाना रहा। उत्कृष्टता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में सर्वोत्तम नागरिक सम्मान को महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

## गोवा में बिना वैध वीजा रह रहे दो रूसी नागरिक गिरफ्तार

**गोवा@पदमावत मीडिया।** अपराध शाखा ने सिओलिम, बारदेज में बिना वैध वीजा के भारत में रह रहे दो रूसी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम, 2025 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



पुलिस के अनुसार 22 अगस्त को मकान की पहली मंजिल पर कार्रवाई के दौरान बोरिस गुडकोव (47) और सर्गेई सिल्वान्स्की (44) बिना वैध वीजा के रह रहे पाए गए। जांच में बोरिस का वीजा 2 अप्रैल 2026 को समाप्त होना सामने आया, जबकि सर्गेई के पास भारत में रहने का वैध वीजा नहीं मिला। दोनों के खिलाफ अधिनियम की धारा 3 के उल्लंघन और धारा 23(ए) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को चिकित्सकीय जांच के लिए गोवा मेडिकल कॉलेज, बांबोलिम भेजा गया। रूसी वाणिज्य दूतावास को भी गिरफ्तारी की सूचना दी जा रही है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक सचिन बी. लोक्रे के नेतृत्व में जारी है।

**त्रिवेणी हॉस्पिटल की छठी वर्षगांठ पर 56 यूनिट रक्तदान**

## निशुल्क ओपीडी सेवा के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया मरीजों को परामर्श

संवाददाता : माणकमल भंडारी

**भीनमाल@पदमावत मीडिया।** त्रिवेणी हॉस्पिटल की छठी वर्षगांठ के अवसर पर अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मरीजों के लिए निशुल्क ओपीडी सेवा के साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। हॉस्पिटल की सीएमडी टीना चौधरी ने बताया कि नाहर ब्लड बैंक एवं त्रिवेणी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 56 यूनिट रक्तदान किया। वहीं, वर्षगांठ के अवसर पर स्त्री एवं प्रसूति, नाक-कान-गला तथा सामान्य चिकित्सा के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को निशुल्क ओपीडी सेवा प्रदान की। अहमदाबाद से आए हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोसर्जन ने भी मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। आयोजकों ने रक्तदान शिविर में सहयोग के लिए नाहर ब्लड बैंक का आभार व्यक्त किया।



## मरीजों के परिजनों की मदद के लिए धर्मार्थ संस्थाओं से जुड़ेगा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कक्ष



**मुंबई@पदमावत मीडिया।** राज्य के बड़े अस्पतालों में इलाज कराने आने वाले मरीजों के परिजनों की रहने, भोजन और उपचार संबंधी मार्गदर्शन जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने नई पहल की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने धर्मार्थ संस्थाओं को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कक्ष से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत धर्मार्थ संस्थाओं और सरकारी तंत्र के बीच समझौता ज्ञापन किए जाएंगे। इससे जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को समय पर आश्रय, भोजन, चिकित्सा संबंधी मार्गदर्शन तथा उपलब्ध सरकारी सहायता की जानकारी मिल सकेगी। सरकार का उद्देश्य धर्मार्थ अस्पतालों में मिलने वाली नि:शुल्क या रियायती उपचार सुविधाओं तथा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कक्ष की सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इसके लिए धर्मार्थ न्यासों के सहयोग से त्रिपक्षीय समझौते भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने धर्मार्थ संस्थाओं और संबंधित संगठनों से इस पहल में सहभागी बनने का आह्वान किया है। सरकार के अनुसार इस व्यवस्था से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को अस्पतालों में इलाज के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

# ताज आर्ट गैलरी में सजी कला की अनूठी दुनिया, 23 कलाकारों ने बिखेरे रचनात्मक रंग

## कला संवाद की चौथी एकदिवसीय समूह कला प्रदर्शनी में कला, संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों ने की शिरकत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**मुंबई।** कला संवाद की चौथी एकदिवसीय समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन 21 अगस्त 2026 को मुंबई स्थित प्रतिष्ठित ताज आर्ट गैलरी, द ताज महल पैलेस में भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में 23 कलाकारों ने अपनी विविध और रचनात्मक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले आयोजन में कला, संस्कृति, प्रशासन, शिक्षा, व्यवसाय और मीडिया जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथियों के साथ बड़ी संख्या में कला-प्रेमियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी का आयोजन कला संवाद के संस्थापक राजकुमार शर्मा ने किया। नंदकिशोर थोराट ने क्यूरेटर के रूप में प्रदर्शनी की कलात्मक दिशा का मार्गदर्शन किया। हर्षित आर. शर्मा ने कार्यक्रम की अवधारणा एवं रचनात्मक रूपरेखा तैयार की, जबकि जगदीश पी. पुरोहित ने आयोजन की देखरेख की। प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि अलेक्जेंडर मात्सुकोव, मुंबई में बेलारूस गणराज्य के महावाणिज्यदूत ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय जी. कलंत्री, चेयरमैन, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई एवं अध्यक्ष, ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज तथा उज्बेकिस्तान के मानद महावाणिज्यदूत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पद्मश्री प्रेमजीत बारिया, आदि एच. जहांगीर, चेयरमैन जहांगीर आर्ट गैलरी मुंबई, देवेश माथुर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एचएसबीसी बांग्लादेश, आईआरएस राजेश धाबरे, कमिश्नर ऑफ कस्टम्स, मद्रास एवं बॉम्बे, भारत सरकार, आईआरएस प्रशांत पाटील, अतिरिक्त निदेशक, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार तथा प्रो. जी. जी. वाघमारे, पूर्व निदेशक, कला संचालनालय, महाराष्ट्र सरकार सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में डॉ. उत्तम वी. जैन, सदस्य, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड मुंबई, जगदीश पी. पुरोहित, चेयरमैन, इंडिया प्रेस मुंबई तथा प्रो. हेमंत सामंत, प्रख्यात पत्रकार एवं अनुवादक शामिल रहे।

**23 कलाकारों ने प्रस्तुत कीं कलाकृतियां**

प्रदर्शनी में पद्मश्री प्रेमजीत बारिया, पद्मश्री अच्युत पालव, डॉ. विशाली डोंगरी, देबोलिना साहा, नंदकिशोर थोराट, यशिका धाबरे, माधवी जोशी, नंदा पाठक, सुशील एन. घुम्बरे, गणेश ए. होनमुखे, बंसू शाह सोमपुरा, काशिश राज चंद्रा, रीना एम. शाह, रीना जैन खटेड, हर्षा, सपना केडिया, नीतू लखन सिंह, रिया, मरियम आसी, प्रवीणचंद्र सरवाड़े, दुर्वा छाबड़िया, प्रदीप जे. राणे और खत्री बशीर अहमद ने अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित कीं। कलाकारों की विविध शैलियों और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने प्रदर्शनी को विशेष बनाया। कला-प्रेमियों ने विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन कर कलाकारों के प्रयासों की सराहना की।

**संध्याकालीन सत्र में भी जुटे कला एवं संस्कृति क्षेत्र के दिग्गज**

प्रदर्शनी के संध्याकालीन सत्र में पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे, प्रख्यात मल्लखंभ गुरु, प्रो. राजीव मिश्रा, प्राचार्य, सर जे. जे. कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, मुंबई विश्वविद्यालय तथा डॉ. अमजदखान ए. पठान, चेयरमैन, आसनज हेल्थकेयर एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, मुंबई की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। पूरे दिन चले आयोजन में कला संग्राहकों, कला-प्रेमियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों, पेशेवरों तथा सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनी ने कलाकारों को अपनी कला व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने के साथ नए लोगों से जुड़ने, पेशेवर संपर्क बढ़ाने और सार्थक कलात्मक संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान किया। कला संवाद की चौथी प्रदर्शनी ने कलाकारों के प्रचार-प्रसार, ब्रांडिंग, पेशेवर संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। आयोजक कला संवाद की ओर से सभी कलाकारों, विशिष्ट अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों, सहयोगियों, समर्थकों और आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया गया। उनके सहयोग और सहभागिता से यह प्रदर्शनी एक सफल एवं यादगार कला आयोजन के रूप में संपन्न हुई।

## खबर संक्षिप्त

### बाल वाटिका के विद्यार्थियों ने किया वन भ्रमण



संवाददाता : दीपक शर्मा

**कानोड़@पदमावत मीडिया।** नगर पालिका क्षेत्र के तुलसी अमृत उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाल वाटिका कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए संचालक मनोज भनावत के निर्देशन में निकटवर्ती केरेश्वर महादेव क्षेत्र में वन भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन के साथ केरेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए। अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भजन, संगीत और एकल अभिनय की प्रस्तुतियां दीं। खेल सत्र में मानसिक एवं शारीरिक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विद्यार्थियों को विभिन्न वन्यजीवों की जानकारी देने के साथ उनकी आवाजों का अभ्यास भी कराया गया। प्रधानाध्यापक दीपक शर्मा ने विद्यार्थियों को वन भ्रमण के महत्व और केरेश्वर महादेव मंदिर के इतिहास की जानकारी दी। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक मनोहर सिंह सहित रेखा त्रिपाठी, पुष्पा श्रीमाली, पुष्पलता आमेटा, जहांआरा, अफसाना, अभय सिंह, लीलू तम्बोली, दिव्या छींपा, कुसुम बारोठ और गजेंद्र सिंह सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### राजस्थान पुलिस की 25 महिला कार्मिक लेंगी एनएसजी का 12 सप्ताह का कमांडो प्रशिक्षण




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस के आरएसी एवं एमबीसी कैडर से चयनित 25 महिला पुलिस कार्मिक राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के मानेसर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 12 सप्ताह का कमांडो प्रशिक्षण लेंगी। प्रशिक्षण 24 अगस्त से 13 नवंबर 2026 तक चलेगा।

प्रशिक्षण के लिए रवाना होने से पहले पांचवीं बटालियन आरएसी, घाटगेट जयपुर में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्स बटालियन्स रूपेन्द्र सिंघ ने महिला कार्मिकों को ब्रीफिंग दी। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, अत्याधुनिक हथियार तकनीक और जीरो एरर नीति को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमांडो प्रशिक्षण का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवानों को दक्ष, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाना है। उन्होंने महिला कार्मिकों को प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें "सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा" के मूल मंत्र से प्रेरित किया।

इसके बाद एडीजी रूपेन्द्र सिंघ ने सभी 25 महिला कार्मिकों को राजकीय वाहन से एनएसजी प्रशिक्षण केंद्र, मानेसर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर डीआईजी आरएसी विनित बंसल सहित चतुर्थ एवं पांचवीं बटालियन आरएसी के कमांडेंट मौजूद रहे।

### वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 में प्रथम पारी में 57.28 एवं द्वितीय पारी में 56.92 प्रतिशत परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के अंतर्गत रविवार को जयपुर जिले में परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रथम पारी में कुल 7,142 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,091 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 3,051 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पारी में 57.28 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। द्वितीय पारी में आयोजित परीक्षा में कुल 7,142 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,065 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 3,077 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार द्वितीय पारी में 56.92 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा समन्वयक नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। परीक्षा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना एवं आवश्यक समन्वय के लिए परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की गई।

### डाइट उदयपुर में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की क्रियात्मक परीक्षा संपन्न




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), उदयपुर में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की क्रियात्मक परीक्षा 22 एवं 23 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 89 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों के माध्यम से विषयगत समझ, शिक्षण कौशल, रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण एवं व्यावहारिक दक्षताओं का प्रदर्शन किया। प्रथम वर्ष के 45 और द्वितीय वर्ष के 44 प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन डाइट प्रधानाचार्य शीला काहाल्या के मार्गदर्शन में किया गया। सेवा पूर्व प्रभाग प्रभारी सुनील बिश्नोई, सह प्रभारी दर्जन सिंह सिसोदिया एवं यतीन्द्र सिंह चौहान ने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। डाइट सीकर से मुख्य परीक्षक अंजू कुमारी एवं सह परीक्षक अमित शर्मा ने निर्धारित मापदंडों के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

# सम्पूर्ण विश्व में प्राचीन भारतीय ज्ञान पर शोध और अध्ययन आवश्यक : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

## राज्यपाल बोले—विश्व में आज भी अक्षुण्ण है भारत की ज्ञान परंपरा, आधुनिक विज्ञान और नवाचार के लिए प्राचीन ज्ञान को समझना जरूरी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**उदयपुर।** पेसिफिक अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग, वैश्विक संस्कृत मंच एवं वैश्विक इतिहास मंच के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा : ज्ञान एवं विज्ञान के आधुनिक आयाम का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और इसके विभिन्न आयामों पर देश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व में शोध एवं अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि विदेशी दार्शनिकों, भाषाविदों और लेखकों ने भी भारतीय ज्ञान परंपरा, भाषा, दर्शन और वैज्ञानिक चिंतन की समृद्धता को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा में ज्ञान और विज्ञान के अनेक ऐसे आयाम मौजूद रहे हैं, जिनका अध्ययन आज भी आधुनिक संदर्भों में उपयोगी हो सकता है। उन्होंने भारतीय शिक्षा व्यवस्था के ऐतिहासिक स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों के आगमन से पहले देश में बड़ी संख्या में गुरुकुल, विद्यालय और आश्रम संचालित होते थे। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक काल में भारतीय शिक्षा, संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान की परंपरा को नुकसान पहुंचा तथा अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली के प्रभाव से पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था और लघु-कुटीर उद्योगों को भी नुकसान हुआ। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में बप्पा रावल सहित भारतीय इतिहास से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए भारत की ऐतिहासिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को केवल इतिहास का विषय मानकर सीमित नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इसके वैज्ञानिक, दार्शनिक और सामाजिक पक्षों पर आधुनिक दृष्टिकोण से भी अध्ययन किया जाना चाहिए। स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय के




कुलगुरु प्रो. हेमंत कोठारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा और उसके विभिन्न आयामों पर शोध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों और संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय ज्ञान और पवित्र ज्यामिति जैसे विषय आधुनिक नवाचार के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान कर सकते हैं। प्रो. कोठारी ने अकादमिक और वैज्ञानिक समुदाय से भारतीय साझा विरासत को केवल ऐतिहासिक अभिलेख के रूप में देखने के बजाय आधुनिक वैज्ञानिक पुनर्जागरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में उपयोगी ज्ञान स्रोत के रूप में समझने का आह्वान किया। पेसिफिक विश्वविद्यालय के समूह अध्यक्ष प्रो. बीपी शर्मा ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान आज आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन संस्कृत वाङ्मय में ज्ञान के अनेक महत्वपूर्ण आयाम निहित हैं और देश-विदेश में इन विषयों पर महत्वपूर्ण शोध कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने योग और दीर्घश्वसन से जुड़े शोध का उदाहरण देते हुए बताया कि विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों में योग एवं श्वसन तकनीकों के मानव स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान की आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टि से व्याख्या और अनुसंधान की व्यापक संभावनाएं हैं। ऑस्ट्रेलिया की रेबेका टेलर, जिन्होंने अल्बर्टा विश्वविद्यालय और पुर्तगाल का प्रतिनिधित्व किया, ने प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणालियों के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्राचीन भारतीय मूर्तिकला परंपराओं की स्थायी प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक कलात्मक अभिव्यक्तियों में भी प्राचीन मंदिर स्थापत्य की ज्यामितीय संरचना, लय और आध्यात्मिक प्रभाव दिखाई देता है। समारोह में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. कैलाश डागा भी मौजूद रहे। संगोष्ठी आयोजन सचिव प्रो. अजातशत्रु सिंह शिवरती ने बताया कि दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान कुल 222 शोध पत्रों का वाचन किया गया। देश-विदेश से आए शोधकर्ताओं और विषय विशेषज्ञों ने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, विज्ञान, दर्शन, संस्कृति, कला एवं आधुनिक संदर्भों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किए।

संगोष्ठी निदेशक प्रो. टी.पी. आमेटा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन की सफलता में प्रो. दिलेन्द्र हिरन और प्रो. हेमंत पंड्या का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मेहंदी ने किया।

## त्योहारी सीजन में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### बारावफात, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी को लेकर प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रदेश में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसके अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में बारावफात, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार एवं पर्व आयोजित होंगे। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासन को पूरी तरह सतर्क रहते हुए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी स्थान पर विवाद अथवा किसी अन्य घटना के कारण माहौल प्रभावित होने की स्थिति में संबंधित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लें। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान जनसहभागिता और आमजन के साथ प्रभावी समन्वय बेहद महत्वपूर्ण है। स्थानीय लोगों से संवाद बनाए रखा जाए, ताकि क्षेत्र में होने वाली छोटी-बड़ी गतिविधियों एवं संभावित समस्याओं की जानकारी समय पर मिल सके और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ-साथ आमजन की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और त्योहारों के दौरान आमजन को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

## राज्यपाल ने एकलिंगजी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के मंगल की कामना की



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार को मेवाड़ के प्रसिद्ध एकलिंगजी महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने कैलाशपुरी स्थित प्राचीन मंदिर में भगवान एकलिंगजी महादेव को पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की।

## नगर निगम जयपुर के आम चुनाव-2026 के लिए नामांकन पत्र हेतु 15 प्राप्ति स्थलों का निर्धारण

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर के आम चुनाव-2026 के लिए नगर निगम जयपुर के समस्त वार्डों में आम चुनाव के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित वार्डों के नामांकन पत्र प्राप्त करने एवं नामांकन प्राप्ति के पश्चात निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यवाही संपादित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिसिपल) एवं जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार वार्ड संख्या 1 से 10 के लिए कार्यालय रीको रोड नंबर 05, वी.के.आई., सीकर रोड, 11 से 20 के लिए कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्लॉट नंबर 370, वी.के.आई. एरिया, मुरलीपुरा, 21 से 30 के लिए कार्यालय उपायुक्त नगर निगम झोटवाड़ा जोन, खिरणी फाटक, झोटवाड़ा, 31 से 40 के लिए शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय (अंग्रेजी माध्यम), खातीपुरा, 41 से 50 के लिए उपखण्ड कार्यालय, सांगानेर तथा 51 से 60 के लिए पंचायत समिति कार्यालय, सांगानेर प्राप्ति स्थल निर्धारित किए गए हैं।

इसी प्रकार वार्ड संख्या 61 से 70 के लिए कमरा नंबर 45, कलक्ट्रेट, 71 से 80 के लिए कार्यालय उपायुक्त नगर निगम जगतपुरा जोन, नन्दपुरी अंडरपास, 81 से 90 के लिए कार्यालय उपायुक्त नगर निगम मालवीय नगर जोन, नई विधानसभा के पास, लालकोठी, 91 से 100 के लिए कार्यालय उपायुक्त नगर निगम सिविल लाइंस जोन, टेक्नोलोजी पार्क के पास, शास्त्री नगर, 101 से 110 के लिए एसीईओ (पंचायत प्रकोष्ठ) कक्ष, जिला परिषद कार्यालय तथा 111 से 120 के लिए कार्यालय नगर निगम पार्ट-2, जलेबी चौक, हवामहल के पीछे नामांकन प्राप्ति स्थल निर्धारित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 121 से 130 के लिए कमरा नंबर 26, कलक्ट्रेट, 131 से 140 के लिए राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीरा मार्ग, बनीपार्क तथा 141 से 150 के लिए कार्यालय उपायुक्त नगर निगम हवामहल-आमेर जोन, पुराना पुलिस मुख्यालय, जलेबी चौक, हवामहल के पीछे को नामांकन पत्र प्राप्त करने के लिए निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने निर्धारित नामांकन प्राप्ति स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए नामांकन प्रक्रिया एवं निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यवाही नियमानुसार एवं समयबद्ध रूप से संपादित करना सुनिश्चित करें।

## जर्जर भवन से नए विद्यालय तक पहुंचा रामपुरा स्कूल, 1 सितंबर से शुरू होगा निर्माण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विद्यालयों के उन्नयन को गति, विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ पढ़ाई की निरंतरता भी सुनिश्चित**



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जयपुर जिले के सांगानेर ब्लॉक स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामपुरा (कंवरपुरा) के जर्जर भवन के स्थान पर नवीन विद्यालय भवन का निर्माण कार्य 1 सितंबर 2026 से शुरू होगा। नए भवन के निर्माण के लिए कुल 18 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

विद्यार्थियों को स्थायी एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने नवीन विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत डीएमएफटी से 12 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति 13 अगस्त 2026 को जारी की गई। इसके अतिरिक्त विधायक कोष से 6 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार नवीन भवन निर्माण के लिए कुल 18 लाख रुपये उपलब्ध कराए गए हैं और निर्माण कार्य 1 सितंबर से प्रारंभ किया जाएगा।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामपुरा (कंवरपुरा) की स्थापना वर्ष 1985 में प्राथमिक विद्यालय के रूप में हुई थी। विद्यालय भवन में दो कक्षा-कक्ष, बरामदा एवं शौचालय की सुविधा थी। समय के साथ भवन पुराना और कमजोर हो गया। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भवन का तकनीकी सर्वे कराया गया। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सितंबर 2025 में भवन को जर्जर घोषित कर विद्यार्थियों के उपयोग से हटा दिया गया।

जर्जर भवन घोषित होने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित रहे, इसके लिए उन्हें निकट स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीलवा में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, ग्रामवासियों ने बच्चों की कम आयु तथा गांव से दूसरे विद्यालय तक आने-जाने में होने वाली असुविधा को देखते हुए उन्हें गांव से बाहर भेजने पर आपत्ति जताई।

बच्चों की सुविधा और स्थानीय लोगों की भावना को प्राथमिकता देते हुए ग्रामवासियों के सहयोग से गांव में ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई। प्रारंभ में ग्रामीणों ने विद्यालय संचालन के लिए दो कमरे और एक टीनशेड उपलब्ध करवाया। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बिना किसी व्यवधान के जारी रही।

विद्यालय संचालन के दौरान ग्रामीणों ने विद्यार्थियों की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए दो कमरे एवं बरामदे वाला अधिक सुविधाजनक वैकल्पिक भवन उपलब्ध करवाया। इसके बाद विद्यालय को इस भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। वर्तमान में विद्यालय का संचालन इसी सुरक्षित और सुविधाजनक वैकल्पिक भवन में नियमित रूप से किया जा रहा है।

गांव में ही वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने से विद्यार्थियों की शिक्षा की निरंतरता बनी रही और जर्जर भवन के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं हुई। यह व्यवस्था सरकार और स्थानीय ग्रामीणों के समन्वय की सकारात्मक मिसाल भी बनी, जिसमें बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग किया। वर्तमान में विद्यालय में 18 विद्यार्थी नामांकित हैं और उनकी शिक्षा के लिए दो शिक्षक कार्यरत हैं। सुरक्षित वैकल्पिक भवन में नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं। अब नवीन विद्यालय भवन के निर्माण के बाद विद्यार्थियों को स्थायी, सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने की उम्मीद है।

नए भवन के निर्माण की स्वीकृति और कार्य प्रारंभ होने से विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों में भी उत्साह है। सरकार की ओर से जर्जर भवन की पहचान से लेकर वैकल्पिक व्यवस्था और अब नए भवन के निर्माण तक की प्रक्रिया में विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा शिक्षा की निरंतरता को प्राथमिकता दी गई है।

# राजस्थान फाउंडेशन मुंबई चैप्टर की मीडिया समिति में पवन जैन पदमावत को कांदिवली क्षेत्र की जिम्मेदारी

## प्रवासी राजस्थानियों और फाउंडेशन की गतिविधियों को व्यापक मंच देने के लिए 15 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** राजस्थान सरकार के राजस्थान फाउंडेशन मुंबई चैप्टर की नवगठित मीडिया समिति में वरिष्ठ पत्रकार एवं पदमावत मीडिया के प्रधान संपादक पवन जैन पदमावत को कांदिवली क्षेत्र का संयोजक नियुक्त किया गया है। समिति में मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों से 15 पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पवन जैन पदमावत को मिली यह जिम्मेदारी प्रवासी राजस्थानियों, सामाजिक गतिविधियों और राजस्थान फाउंडेशन से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से सामने लाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हैं, जबकि गणपत कोठारी मुंबई चैप्टर के अध्यक्ष हैं। फाउंडेशन का उद्देश्य देश-विदेश में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान से जोड़ना तथा प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए मुंबई चैप्टर की मीडिया समिति का गठन किया गया है।

22 अगस्त को जारी शुभकामना संदेश वाले बैनर के माध्यम से समिति के पदाधिकारियों एवं उनकी क्षेत्रवार जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। समिति में मंगल चंद सेठ को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नीरज दवे को दहिसर, ललित राज राठौड़ को ठाणे, पवन जैन पदमावत को कांदिवली, सुरेश पुरोहित को अंधेरी, दिनेश्वर माली को कुलाबा, दिलीप काकोरेया को बोरीवली विचार, विशनसिंह एफ. राजपुरोहित को वर्ली, विक्रम जैन को भायंदर, ललित शाह को शिवड़ी, उत्तम पिपाड़ा को मुलुंड, जितेंद्र सिंह राठौड़ को



मालाबार हिल, बाबूलाल भाटी को बोरीवली, रामानुज भट्टड को दहिसर पूर्व तथा दिलीपकुमार प्रजापति को मुंबादेवी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पवन जैन पदमावत पिछले डेढ़ दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे पदमावत मीडिया के संस्थापक एवं प्रधान संपादक हैं और सामाजिक सरोकारों, जनहित, पारदर्शिता, सुशासन तथा समाज जागरण से जुड़े विषयों को लगातार प्रमुखता से उठाते रहे हैं। पत्रकारिता के साथ सामाजिक क्षेत्र में उनकी सक्रियता और संगठनात्मक कार्यों के अनुभव को देखते हुए उन्हें राजस्थान फाउंडेशन मुंबई चैप्टर की मीडिया समिति में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

कांदिवली क्षेत्र का संयोजक बनाए जाने के बाद पवन जैन पदमावत के समक्ष क्षेत्र में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसरोकार से जुड़ी गतिविधियों को व्यापक मंच तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही राजस्थान फाउंडेशन से जुड़े कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी संकलित कर उन्हें प्रभावी ढंग से सामने लाने में भी उनकी भूमिका रहेगी।

मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में राजस्थान मूल के लोग विभिन्न व्यवसायों, उद्योग, सामाजिक सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, कला एवं संस्कृति सहित अनेक क्षेत्रों में सक्रिय हैं। ऐसे में मीडिया समिति के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियों, सेवा कार्यों और सामाजिक योगदान को सामने लाने का अवसर मिलेगा।

पवन जैन पदमावत ने राजस्थान फाउंडेशन मुंबई चैप्टर द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे कांदिवली क्षेत्र में प्रवासी राजस्थानियों और फाउंडेशन के बीच संवाद को मजबूत करने तथा क्षेत्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यापक मंच उपलब्ध कराने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत और प्रतिभा से उल्लेखनीय पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियों, सामाजिक योगदान और राजस्थान से जुड़े भावनात्मक जुड़ाव को प्रभावी मंच देना आवश्यक है। मीडिया समिति के माध्यम से इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने का प्रयास किया जाएगा।

राजस्थान फाउंडेशन मुंबई चैप्टर की मीडिया समिति में पवन जैन पदमावत को मिली यह जिम्मेदारी उनके पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों में उनकी भूमिका को भी नई दिशा प्रदान करेगी। नवगठित समिति से उम्मीद की जा रही है कि वह मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवासी राजस्थानियों और राजस्थान फाउंडेशन के बीच संवाद एवं समन्वय को और मजबूत करेगी।

## खबर संक्षिप्त

### ज्ञान विहार विकास समिति की नई कार्यकारिणी गठित



**अजमेर@पदमावत मीडिया।** ज्ञान विहार विकास समिति की आम बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया। बैठक में ऊषा शर्मा को अध्यक्ष, राजकुमार शर्मा को सचिव तथा बालकिशन मित्तल को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संस्था के कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने और सदस्यों के हित में सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।


### उज्जैन पुलिस ने 70 वर्षीय भटके बुजुर्ग को परिवार से मिलाया



**उज्जैन@पदमावत मीडिया।** उज्जैन पुलिस ने संवेदनशीलता और सूझबूझ का परिचय देते हुए करीब 70 वर्षीय भटके बुजुर्ग को दो दिन की मेहनत के बाद उनके परिवार से मिला दिया। बुजुर्ग करीब 300 से 400 किलोमीटर दूर भटककर उज्जैन पहुंचे थे और अपना पूरा पता नहीं बता पा रहे थे। थाना चिमनगंज मंडी के आरक्षक भूपेश ठाकुर ने बुजुर्ग से लगातार बातचीत कर उनके गांव की जानकारी जुटाई। इसके आधार पर पुलिस ने विभिन्न स्तरों पर संपर्क करते हुए करीब दो दिन में उनके परिजनों का पता लगा लिया।

पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर बुजुर्ग के नाती को थाने बुलाया। पहचान एवं सत्यापन के बाद बुजुर्ग को सकुशल नाती के सुपुर्द कर दिया गया। परिवार से मिलकर बुजुर्ग के चेहरे पर खुशी नजर आई। परिजनों ने उज्जैन पुलिस और आरक्षक भूपेश ठाकुर का आभार जताया।

### पणजी में सार्वजनिक स्थान पर मारपीट और हंगामा, आठ युवक गिरफ्तार



**पणजी@पदमावत मीडिया।** पणजी पुलिस ने सोहो क्लब के पास सार्वजनिक स्थान पर मारपीट और हंगामा कर शांति व्यवस्था प्रभावित करने के मामले में आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना 23 अगस्त की तड़के करीब 4 से 4.45 बजे के बीच हुई। पुलिस के अनुसार युवकों के बीच विवाद के बाद गाली-गलौज और मारपीट हुई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने प्रचय कोलपटे (21), जेडन रेबेलो (19), एलरॉय वेगास (22), ऐशबेल फेराओ (22), मुकेश (21), रॉयडन मिसकिटा (22), जॉय फर्नांडिस (22) और जोसेफ कार्डोजो (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस उपनिरीक्षक मनोज नाइक की शिकायत पर पणजी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 194(2), 115(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### ठाणे पुलिस के शिकायत निवारण दिवस में 515 फरियादियों की समस्याएं सुनीं



**ठाणे@पदमावत मीडिया।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय में 100 दिवसीय कृति आराखड़ा के तहत दो दिवसीय शिकायत निवारण दिवस आयोजित किया गया। इसमें 830 आवेदकों को बुलाया गया, जिनमें से 515 फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पुलिस अधिकारियों के समक्ष उपस्थित हुए। पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं प्रत्यक्ष रूप से सुनकर 488 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। अन्य आवेदकों की शिकायतों एवं शंकाओं के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्रवाई निर्धारित की गई। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, पुलिस निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के साथ पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर संवाद एवं जनविश्वास को मजबूत करना रहा।

# जापानी निवेशकों के लिए राजस्थान में अनुकूल माहौल, उद्योगों के विकास का रोडमैप तैयार कर रही सरकार

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जापानी प्रतिनिधिमंडल से की बैठक, जयपुर और यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशनों से व्यापार एवं रोजगार बढ़ाने का आह्वान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान और जापान के बीच वर्षों पुराना मजबूत संबंध है। राज्य सरकार दोनों क्षेत्रों के बीच रत्न-आभूषण सहित अन्य उद्योगों के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से रोडमैप तैयार कर कार्य कर रही है। जापानी कंपनियों के लिए राज्य में अनुकूल वातावरण और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे राजस्थान में निवेश को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री ने रविवार को जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर राजस्थान में उद्योग, निवेश और व्यापार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उद्योगों के विस्तार और नए निवेश के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जापानी कंपनियों के लिए जापानी जोन विकसित कर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने जयपुर ज्वैलरी एसोसिएशन और यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन से आपसी सहयोग को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दोनों संस्थाएं तकनीक, निवेश और व्यापारिक सहयोग के माध्यम से रत्न एवं आभूषण उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं। इससे व्यापार के विस्तार के साथ रोजगार के अधिकाधिक अवसर भी सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 में अपनी जापान यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान जापानी कंपनियों ने राजस्थान में निवेश के माध्यम से तीन से चार गुना लाभ प्राप्त होने की बात कही थी। उन्होंने जापान के निवेशकों को राजस्थान में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जापानी प्रतिनिधिमंडल ने की राजस्थान की निवेश नीतियों की सराहना**

बैठक में जापान के कोफू सिटी के मेयर युइची हिगुची ने राजस्थान सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों और राज्य में उपलब्ध निवेश संभावनाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि जापान की करीब 180 कंपनियां राजस्थान में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर और कोफू सिटी के ज्वैलर्स मिलकर वैश्विक स्तर पर आभूषण कारोबार को आगे बढ़ा रहे हैं।

मेयर ने बताया कि जयपुर की लगभग 60 कंपनियां कोफू सिटी में आभूषण कारोबार से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने दोनों शहरों के बीच व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने तथा रत्न एवं आभूषण उद्योग में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जापानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राधे-राधे कहकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, जयपुर ज्वैलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला, यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन इंटरनेशनल कमेटी के चेयरमैन नवीन सोनकिया सहित जापान के विभिन्न उद्योग एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में कोशिन कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष काजुओ मात्सुमोटो, क्रिएट ताकानो कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष चिकारा यानागिमोटो, द यामानाशी चुओ बैंक लिमिटेड के वरिष्ठ सलाहकार नकाबा शिंदो, कोफू बिल्डिंग कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन तेत्सुजी सकामोटो, कोफू सिटी उद्योग विभाग के महानिदेशक ताकेयासु तनाका, कोफू सिटी वाणिज्य एवं उद्योग प्रभाग के प्रबंधक सातोशी त्सुनोदा, ईगाडो कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष तादाओ शिमुरा, क्रॉसफोर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष अकीहिको नाइतो, कोफू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रबंधक शिगेमासा सुजुकी, कोफू सिटी अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभाग के मेयर कार्यालय प्रबंधक शुनिची हागिहारा सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में निवेश और उद्योगों के विस्तार के लिए उपलब्ध संभावनाओं का बेहतर उपयोग करते हुए राज्य को देश और दुनिया के प्रमुख निवेश केंद्रों में शामिल करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। जापान के साथ व्यापारिक एवं औद्योगिक संबंधों को और मजबूत करना इसी प्रयास का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# जैन धार्मिक प्रशिक्षण शिविर में तैयार हुए तीर्थ रक्षा के सिपाही

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जोधपुर।** बैंगलोर जैन सेवा परिषद के तत्वावधान में पिछले तीन दिनों से चल रहे जैन धार्मिक प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ। शिविर में जैन तीर्थ व्यवस्था, जैन पेढ़ी व्यवस्था, जैन उपाश्रय, जैन भोजनशाला, जैन धर्मशाला एवं जैन आराधना भवन के प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के माध्यम से युवाओं को धार्मिक संस्थानों की व्यवस्थाओं के कुशल संचालन के लिए तैयार किया गया। संस्थान के अध्यक्ष वसंत भाई वेदमुथा ने कहा कि प्रशिक्षण में शामिल सभी बंधुओं ने अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करते हुए अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षित युवा जहां भी कार्य करें, वहां तन, मन और यथासंभव धन से समर्पित होकर जिम्मेदारी निभाएं। संस्थान के संरक्षक माणकमल भंडारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों के माध्यम से ऐसा योगदान दें, जिससे उन्हें सम्मान और पहचान मिले। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने चेहरे से नहीं, बल्कि अपने गुणों से पहचाना जाता है।

विमल गुरुजी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन सफलता के लिए आत्मबल आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। राजकुमार जैन ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने वाला प्रत्येक बंधु भाग्यशाली है, क्योंकि उसके सामने उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं हैं। समापन समारोह के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने भी शिविर के दौरान मिले प्रशिक्षण और अपने अनुभव साझा किए।

**संस्था संरक्षक माणकमल भंडारी का अभिनंदन**

संस्था के संरक्षक माणकमल भंडारी के जोधपुर डिवीजन रेलवे परामर्श समिति के सदस्य बनने पर संस्था की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। वसंत भाई वेदमुथा, विमल गुरुजी, राजकुमार जैन सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने तिलक, श्रीफल, साफा, शाल एवं माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया और आत्मीयता के साथ स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डिजिटल सहेली कार्यक्रम में 48 बालिकाओं ने सीखी डिजिटल साक्षरता की बारीकियां



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के 5 ब्लॉकों के जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग द्वारा संचालित 12 बालिका आश्रम छात्रावासों की 48 छात्राओं ने 21 से 23 अगस्त तक संचार सेतु, माणिक्य लाल वर्मा जनजातीय शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय डिजिटल सहेली प्रशिक्षण में भाग लिया। टीएडी, राजस्थान सरकार, राइज़ अप टुगेदर, कोटड़ा आदिवासी संस्थान और उजाला फाउंडेशन की संयुक्त पहल डिजिटल सहेली कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में डिजिटल कौशल, आत्मविश्वास और सहपाठी आधारित सीखने की क्षमता विकसित करना है। प्रशिक्षण के बाद चयनित डिजिटल सहेलियां अपने छात्रावासों में अन्य छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करेंगी। प्रशिक्षण में डिजिटल शिक्षा के साथ नेतृत्व विकास, आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और साथियों के सहयोग जैसे कौशल पर भी जोर दिया गया। प्रॉब्लम ट्री एनालिसिस के माध्यम से छात्राओं को समस्याओं के मूल कारणों की पहचान और समाधान की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी 48 छात्राओं ने आईआईएम उदयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। यहां उन्हें डिजिटल प्रबंधन, उच्च शिक्षा और विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी मिली। अंतिम दिन छात्राओं ने गूगल डॉक पर सूची तैयार करने और ईमेल के माध्यम से प्रशिक्षण संबंधी सामग्री भेजने का व्यावहारिक अभ्यास किया।

यह अगस्त 2026 में आयोजित श्रृंखला का पहला आवासीय प्रशिक्षण था। सितंबर, नवंबर 2026 और जनवरी 2027 में तीन और आवासीय प्रशिक्षण प्रस्तावित हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के बीच डिजिटल सहेली सहपाठी-शिक्षण नेटवर्क को मजबूत करना है।

# दहिसर में अवैध देशी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** दहिसर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देशी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 45 हजार रुपये कीमत का देशी हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ दहिसर पुलिस थाने में आर्म्स एक्ट सहित महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 21 अगस्त 2026 को शाम करीब 5:35 बजे अपराध प्रकटीकरण अधिकारी सहायक पुलिस निरीक्षक इंद्रजीत पाटील को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दहिसर चेक नाका परिसर में अवैध देशी हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इसके बाद सहायक पुलिस निरीक्षक इंद्रजीत पाटील और अपराध प्रकटीकरण दल ने कार्रवाई करते हुए दहिसर चेक नाका, महानगर गैस पंप के सामने, दक्षिण वाहिनी, दहिसर पूर्व, मुंबई में संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। पुलिस ने दो पंचों की मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी बनावटी लोहे की पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं थी। बरामद देशी पिस्तौल की अनुमानित कीमत 42 हजार रुपये और छह जिंदा कारतूस की कीमत 3 हजार रुपये बताई गई है। इस तरह जब्त हथियार और कारतूस की कुल कीमत करीब 45 हजार रुपये है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप रमाशंकर उपाध्याय, उम्र 34 वर्ष, पेशा फैब्रिकेशन, निवासी रूम नंबर 03, न्यू गणेशवाड़ी वेलफेयर सोसायटी क्रमांक 02, लक्ष्मण नगर, ए.वी.एच. स्कूल के पीछे, कुरार विलेज, मलाड पूर्व, मुंबई के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने मुंबई पुलिस आयुक्त के हथियारबंदी आदेश का उल्लंघन किया था।

मामले में दहिसर पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 1241/26 दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय हथियार अधिनियम की धारा 3 और 25 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1)(अ) और 135 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

# पेंशनर्स बने साइबर सुरक्षा के प्रहरी, डिजिटल ठगी से बचाव का लिया संकल्प




**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजसमंद पुलिस की ओर से पेंशनर्स के लिए साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में फर्जी बैंक कॉल, निवेश के झांसे, डिजिटल गिरफ्तारी, वाट्सऐप हैकिंग, ओटीपी ठगी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फर्जी आवाज जैसे साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में पेंशनर्स को मजबूत कूटशब्द रखने, सामाजिक माध्यमों की सुरक्षा तथा ऑनलाइन लेनदेन में सावधानी बरतने के बारे में बताया गया। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम संचालक खेलल वसीम ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहकर स्वयं के साथ परिवार और आसपास के लोगों को भी डिजिटल ठगी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता जताई।

# कुरुक्षेत्र में 6 किलो अफीम और 21 लाख रुपये बरामद, तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

## डीजीपी अजय सिंघल बोले—हार्डकोर अपराधियों के साथ उनके सहयोगियों और संरक्षणदाताओं पर भी होगी सख्त कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरुक्षेत्र पुलिस ने गांव तलहेड़ी में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 6 किलोग्राम अफीम, 21 लाख रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। मामले में थाना इस्माईलाबाद में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य मामलों में प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस द्वारा नशा तस्करी से अर्जित संपत्ति और तस्करी के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। कानून के तहत ऐसी संपत्तियों को जब्त करने तथा अवैध निर्माणों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य नशा तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने के साथ उनके पूरे आपराधिक नेटवर्क को समाप्त करना है।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को बाधित करने वाले हार्डकोर अपराधियों, गैंगस्टरों तथा विदेश या प्रदेश से बाहर बैठकर आपराधिक गतिविधियों का संचालन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। विशेष रूप से रंगदारी के लिए फोन, धमकी और संगठित अपराध के जरिए भय का माहौल पैदा करने वाले अपराधियों के नेटवर्क पर लगातार नजर रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ कानूनी और तकनीकी माध्यमों से कार्रवाई करते हुए उनके संपर्कों, सहयोगियों और आर्थिक नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। कोई भी अपराधी कानून की पहुंच से



बाहर नहीं है और हरियाणा पुलिस उपलब्ध सभी वैधानिक माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर अपराधियों तक पहुंचने और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी है।

डीजीपी ने स्पष्ट किया कि किसी हार्डकोर अपराधी या गैंगस्टर के समर्थन में ऐसी गतिविधियां स्वीकार नहीं की जाएंगी, जिनसे कानून व्यवस्था प्रभावित होती हो या पुलिस की वैधानिक कार्रवाई में बाधा उत्पन्न होती हो। किसी अपराधी के समर्थन की आड़ में सार्वजनिक शांति भंग करने, पुलिस कार्रवाई में हस्तक्षेप करने अथवा कानून व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वालों की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी अपराधी के समर्थन में अवैध गतिविधियां करना अथवा कानून के पालन में बाधा उत्पन्न करना स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि हार्डकोर अपराधियों और गैंगस्टरों को आर्थिक, तार्किक या किसी अन्य प्रकार का सहयोग अथवा संरक्षण देने वालों को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा। पुलिस अपराधियों के पूरे नेटवर्क की भूमिका की जांच करेगी और संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस का स्पष्ट उद्देश्य प्रदेश में कानून का राज मजबूत करना, आमजन में सुरक्षा की भावना कायम रखना तथा संगठित अपराध, नशा तस्करी और रंगदारी के नेटवर्क को समाप्त करना है। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले अपराधियों के साथ-साथ उन्हें सहयोग या संरक्षण देने वालों को भी किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# देवास पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के अंतरराज्यीय नेटवर्क का किया पर्दाफाश, 12 साइबर ठग गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**भोपाल।** देवास पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी गई राशि में से करीब 54 लाख 84 हजार 725 रुपये बरामद किए हैं।

देवास कोतवाली क्षेत्र के एक नागरिक से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 63 लाख 52 हजार रुपये की ठगी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर मिली थी। जांच में बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, बैंक स्टेटमेंट, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

पुलिस की 19 टीमों में शामिल 70 जवानों ने 17 राज्यों के 33 जिलों में स्थानीय पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की। 127 दिनों तक चली इस कार्रवाई में पुलिस टीमों ने करीब 58 हजार 315 किलोमीटर की दूरी तय कर नेटवर्क से जुड़े 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आया कि आरोपी खुद को दूरसंचार विभाग, मुंबई क्राइम ब्रांच और सीबीआई का अधिकारी बताकर पीड़ितों को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाने और गिरफ्तारी का डर दिखाते थे। इसके बाद फर्जी जांच प्रक्रिया और न्यायालय जैसी परिस्थितियां बनाकर बैंकिंग एवं निवेश संबंधी जानकारी हासिल कर रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराते थे।

पुलिस ने आरोपियों से बैंकिंग एवं डिजिटल लेन-देन से संबंधित सामग्री भी जब्त की है। मध्यप्रदेश पुलिस ने लोगों से अपील की है कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई वैधानिक प्रक्रिया नहीं है। किसी सरकारी अधिकारी के नाम पर फोन या वीडियो कॉल कर पैसे मांगने पर राशि ट्रांसफर न करें और तत्काल 1930 पर शिकायत करें।

## खबर संक्षिप्त

### पांच साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी भवानी सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ जोधपुर न्यायालय से दो स्थायी वारंट जारी थे।
पुलिस के अनुसार आरोपी अपने निर्धारित पते से फरार चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे जयपुर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी भवानी सिंह (51), निवासी पोलो विक्ट्री, जयपुर है। उसे जोधपुर पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी वंदना नरूला के साथ कांस्टेबल बाबूलाल, सतवीर और श्रवण कुमार शामिल रहे।

### पंच गौरव कार्यक्रम में गूंजा हॉकी का रोमांच, रेलमगरा और कुंवारिया ने जीते खिताब



**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला एक खेल हॉकी के अंतर्गत भाणा हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर आयोजित जिला स्तरीय सिक्स-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। बालक वर्ग में रेलमगरा और बालिका वर्ग में कुंवारिया की टीम विजेता रही।
बालक वर्ग में कुंवारिया दूसरे और भाणा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में रेलमगरा दूसरे तथा आमेट तीसरे स्थान पर रहा। जिला खेल अधिकारी धर्म देव सिंह ने बताया कि विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को क्रमशः 11 हजार, 8 हजार एवं 6 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि दी गई। समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
जिला प्रशासन की ओर से जिले में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हाल ही में अर्जुन अवार्डी अशोक ध्यानचंद एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दलजिंदर सिंह के सानिध्य में 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया था।

### महाकालेश्वर की नगर भ्रमण यात्रा आज, कई मार्गों पर वाहनों का प्रवेश रहेगा बंद




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सार्वजनिक प्रन्यास मंदिर श्री महाकालेश्वर की ओर से आज भगवान महाकालेश्वर की नगर भ्रमण यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान विभिन्न मंदिरों में महाआरती होगी। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कई मार्गों पर वाहनों का प्रवेश बंद रखने का निर्णय लिया है। यातायात शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि रंग निवास से भटियानी चौहट्टा होते हुए जगदीश चौक, चांदपोल से घड़ियादेवरा होते हुए जगदीश चौक तथा हाथीपोल-हरबनी का खुर्जा-मोती चौहट्टा होते हुए घंटाघर मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इसी प्रकार बड़ा बाजार से घंटाघर, ब्रह्मपोल से जाड़ा गणेशजी एवं चांदपोल, जाटवाड़ी से चांदपोल तथा राड़ाजी चौराहा से अंबामाता मंदिर-अंबापोल की ओर भी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। शाही सवारी के दौरान देहली गेट से हाथीपोल और कोर्ट चौराहे से चेतक सर्कल की ओर भी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। झाड़ोल मार्ग से आने वाले वाहनों को महाकालेश्वर चौराहे से रानी रोड, देवाली और फतहपुरा चौराहे की ओर भेजा जाएगा। यात्रा में शामिल वाहनों की पार्किंग रानी रोड पर एक तरफ की जाएगी। यात्रा मार्ग के आसपास वाहनों की पार्किंग भी प्रतिबंधित रहेगी। यातायात पुलिस ने व्यापारियों और आमजन से मुख्य सड़कों पर वाहन पार्क नहीं करने तथा निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की है। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को प्रतिबंध से छूट रहेगी।

# निशुल्क योग शिविर में विशेष योगदान के लिए नरेश पूर्बिया का सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** पतंजलि योग परिवार की ओर से सेक्टर-9 स्थित श्री निखिलेश्वर महादेव मंदिर पार्क में 44वां निशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। योग शिक्षिका भागीरथी कार्की, डॉ. अलका हाड़ा एवं सुषमा शुक्ला ने योगाभ्यास व प्राणायाम करवाकर इसके लाभों की जानकारी दी। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी मोहन सिंह शक्तावत एवं योगाचार्य अशोक कनेरिया ने योग शिविरों में विशेष योगदान के लिए नरेश पूर्बिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयुर्वेदाचार्य डॉ. नरेंद्र सनाढ्य, डॉ. नारायण सिंह चावड़ा एवं चंद्रकला ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया। हरिद्वार में स्वामी रामदेव से प्रशिक्षण लेकर आईं योग शिक्षिका डॉ. अलका हाड़ा, प्रेम मेनारिया, अनिता ईनाणी, मीनाक्षी पंवार एवं सीमा कुमावत का भी स्वागत किया गया। योग शिक्षिकाओं ने उदयपुर में नियमित योग कक्षाएं संचालित करने का संकल्प लिया। शिविर आयोजन में योगदान के लिए ओम प्रकाश वर्मा एवं इंदर सिंह भाटी का भी सम्मान किया गया। अगला 45वां निशुल्क योग शिविर 30 अगस्त को सर्वेश्वर महादेव मंदिर, तितरड़ी में आयोजित किया जाएगा।

# जैन सोशल ग्रुप प्लैटिनम ने गौशाला में किया सेवा कार्य, गायों को खिलाया गुड़ और चारा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** जैन सोशल ग्रुप प्लैटिनम की ओर से आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत महाकाल मंदिर प्रांगण स्थित गौशाला में सेवा कार्य किया गया। इस दौरान ग्रुप के सदस्यों ने गौशाला की गायों को गुड़ एवं चारा खिलाकर जीवदया और सेवा का संदेश दिया। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष जितेंद्र हरकावत ने बताया कि महाकाल मंदिर प्रांगण स्थित गौशाला में सभी गायों को गुड़ एवं चारा खिलाकर सेवा कार्य किया गया। ग्रुप अध्यक्ष पंकज जैन ने बताया कि सेवा कार्य से पूर्व लगभग 60 सदस्यों ने महाकाल मंदिर में भगवान शिव की आरती की। इसके बाद सभी सदस्य गौशाला पहुंचे और गायों को गुड़ एवं चारा खिलाकर सेवा कार्य में सहभागी बने। ग्रुप सचिव लोकेश जैन ने बताया कि सेवा कार्य के पश्चात सभी सदस्यों ने चौगान मंदिर में सामूहिक रूप से नाश्ता किया। कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष पंकज जैन, पूर्व अध्यक्ष विपिन जैन, इलेक्ट प्रेसिडेंट तनुंजय जैन, सहसचिव राहुल जैन, कोषाध्यक्ष हेमेंद्र जैन, पीआरओ एडमिन गीतेश जैन, पीआरओ ग्रीटिंग पंकज सुराणा, कार्यकारिणी सदस्य सुनील जैन, कपिल जैन, आशीष मेहता, किरण जैन, खुशबू सुराणा, ज्योति टीमरवा सहित लगभग 60 सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप सचिव लोकेश जैन ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सेवा सप्ताह के माध्यम से जैन सोशल ग्रुप प्लैटिनम ने जीवदया, सेवा भावना और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

# रामफल मंडल का सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत : निशांत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



पटना। स्वतंत्रता सेनानी रामफल मंडल के शहादत दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने सीतामढ़ी के मधुरापुर गांव पहुंचकर अमर शहीद रामफल मंडल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने अमर शहीद रामफल मंडल को श्रद्धापूर्वक नमन कर उनके अदम्य साहस, देशप्रेम और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया। इस दौरान निशांत ने कहा कि अमर शहीद रामफल मंडल ने देश की आजादी के लिए अल्पायु में ही अपने प्राणों की आहुति दे दी। वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम लेने वाले रामफल मंडल का बलिदान हमें हमेशा याद दिलाता रहेगा कि आजादी की राह कितने त्याग और संघर्षों से होकर गुजरी है। उनका साहस, राष्ट्र के प्रति समर्पण और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। रामफल मंडल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए विकसित बिहार और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना है। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने सीतामढ़ी के परिहार स्थित डा इंदल सिंह डिग्री कॉलेज परिसर में डा इंदल सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने डा इंदल सिंह के शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इस मौके पर मंत्री दामोदर रावत, मंत्री डा श्वेता गुप्ता, सांसद देवेशचंद्र ठाकुर, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विधायक बबलू मंडल,विधायक पंकज मिश्रा, विधायक हेमनारायण साह, विधायक शुभानन्द मुकेश, विधानपार्षद रेखा कुमारी, विधानपार्षद भारती मेहता, विधानपार्षद ललन प्रसाद, पूर्व मंत्री रंजू गीता, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा सहित कई नेता मौजूद रहे। वहीं सीतामढ़ी के मधुरापुर जाने के क्रम में रविवार को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत का विभिन्न स्थानों पर जनता दल यू के नेताओं, कार्यकतार्ओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुजफ्फरपुर के सदातपुर मोड़ पर जिला अध्यक्ष अनुपम कुमार, मेडिकल ओवरब्रिज मोड़ पर महानगर जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा तथा रुन्नीसैदपुर में स्थानीय विधायक पंकज कुमार मिश्रा की अगुवाई में पार्टी कार्यकतार्ओं ने स्वास्थ्य मंत्री का फूल-मालाओं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान सभी स्थानों पर पार्टी कार्यकतार्ओं में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखने को मिला।

### रक्षाबंधन केवल पर्व नहीं, संस्कारों की अटूट परंपरा : साध्वीश्री मंजुल ज्योति



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र में चल रहे आध्यात्मिक चातुर्मास के तहत 23 अगस्त को गुरु पुष्कर प्रवचन सभागार में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। उपप्रवर्तिनी महासती साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. आदि ठाणा-5 के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सेवाभावी साध्वीश्री विजेता म.सा., मुस्कानप्रिय साध्वीश्री वंदिता म.सा. एवं कोकिल कंठी साध्वीश्री डॉ. वारिधि म.सा. ने सामूहिक रक्षाबंधन गीत प्रस्तुत किया। साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. ने कहा कि रक्षाबंधन केवल रक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि भाई-बहन के पवित्र और अटूट रिश्ते को मजबूत करने वाली संस्कारों की परंपरा है। तप रत्नेश्वरी साध्वीश्री वसुधा म.सा. ने कहा कि युवाओं को धर्म से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और धर्म के प्रचार-प्रसार में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।
केंद्र अध्यक्ष निर्मल पोखरना ने बताया कि साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. आदि ठाणा-5 के सानिध्य में क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता बढ़ी है। आगामी 25 अगस्त को गुरु पुष्कर प्रवचन सभागार में चोवीसी का आयोजन होगा। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि प्रवचन के समापन पर साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. ने श्रद्धालुओं से 24 घंटे के लिए पपीते का प्रत्याख्यान करवाया और अभिमंत्रित रक्षासूत्र भेंट किए। 30 अगस्त को अंबेडकर ग्राउंड पर शासन चन्द्रिका गुरुणी साध्वीश्री विजेंद्र कुमारी म.सा. का पुण्य स्मरण दिवस गुणानुवाद सभा एवं तप के साथ मनाया जाएगा।

### ताश खेलते 12 जुआरी गिरफ्तार, 1.52 लाख रुपये और 651 ताश के पत्ते बरामद





**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** दिवेर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फार्म हाउस पर ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 1 लाख 52 हजार 830 रुपये नकद और 651 ताश के पत्ते बरामद किए। जुआ खेलने में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल और चार कारें भी जब्त की गईं। पुलिस के अनुसार पन्नाधाय पेनारमा के पास फार्म हाउस में जुआ खेले जाने की सूचना पर टीम ने कार्रवाई की। मौके पर 12 लोग ताश पर रुपये का दांव लगाते मिले। तलाशी में नकदी और ताश के पत्ते बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश मेवाड़ा, पंकज शर्मा उर्फ परीन कुमार शर्मा, जसवंत शर्मा, कमलेश शर्मा, गणेश शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, जितेंद्र जोशी, अश्विन, सोहनलाल, रामेश्वर लाल शर्मा, प्रवीण कुमार जोशी और चंद्रेश शर्मा शामिल हैं। पुलिस ने राजस्थान जुआ अधिनियम की धारा 3/4 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

### पचपदरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 53.50 ग्राम एमडी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**बालोतरा@पदमावत मीडिया।** पचपदरा थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 53.50 ग्राम अवैध एमडी (मेफेड्रोन) बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्विफ्ट कार और मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार 22 अगस्त को बालोतरा-पचपदरा मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध स्विफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया गया। चालक नाकाबंदी तोड़कर वाहन भगाने लगा, जिसे पुलिस ने मदीन होटल के आगे रोक लिया। कार से मुस्ताक अली और ईशाक खान को पकड़ा गया, जबकि पिछली सीट पर बैठा पप्पू खान फरार हो गया। तलाशी में 53.50 ग्राम एमडी, मोबाइल फोन और स्विफ्ट कार बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बरामद मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, आपूर्ति नेटवर्क और फरार आरोपी के संबंध में जांच जारी है।

### बाठरड़ा खुर्द से नीलकंठ महादेव तक भक्ति से सराबोर हुआ कांवड़ मार्ग



**भटेवर@पदमावत मीडिया।** बाठरड़ा खुर्द गांव में रविवार को विशाल कांवड़ यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा में आकर्षक झांकियों, सजी-धजी कांवड़ों और शिव-पार्वती के रूप में सजे कलाकारों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूरे मार्ग पर शिव भजनों और देशभक्ति गीतों की गूंज रही। कांवड़ यात्रा ओराकांकर महादेव मंदिर से रवाना होकर हनुमान चौक, वासुदेव सरोवर, वासुदेव चौक, आजाद चौक, खेड़ा बस्ती और महाकाली माता मंदिर होते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंची। सुसज्जित ऊंटगाड़ी में श्रृंगारित शिवलिंग विराजमान रहा। श्रद्धालुओं ने नीलकंठ महादेव का जलाभिषेक किया। इसके बाद भस्म आरती और महाप्रसाद वितरण हुआ। यात्रा में शिव-पार्वती और अघोरी वेशभूषा में कलाकार भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए आगे बढ़े। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक श्रद्धालु झूमते नजर आए। कांवड़ यात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मार्ग पर पहुंचे।

# पंडित राज कुमार शुक्ल की जयंती पर आयोजित होगा राजकीय समारोह : सम्राट

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती पर राजकीय समारोह के आयोजन की घोषणा करते हुए कहा कि उनके योगदान और चंपारण सत्याग्रह के ऐतिहासिक महत्व से नई पीढ़ी को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल के अथक प्रयासों से ही मोहनदास करमचंद गांधी चंपारण आये थे। बापू ने किसानों को अंग्रेजों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए ऐतिहासिक सत्याग्रह का नेतृत्व किया था। कहा कि चंपारण सत्याग्रह ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दिशा दी थी और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार पंडित राजकुमार शुक्ल की 151वीं जयंती पर बिहार विधान परिषद के एनेक्सी सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर स्मारिका 'शुक्ल शौर्य' का लोकार्पण किया। साथ ही कला एवं संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कल्पना पटवारी को 'पंडित राजकुमार शुक्ल कला शिखर सम्मान' से सम्मानित किया। पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति, पंडित राजकुमार शुक्ल के परिजन और पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान से जुड़े लोग उपस्थित थे।

### चारा घोटाले में जेल जाने के डर से लालू प्रसाद ने फरक्का समझौते पर चढ़ा दी बिहार के हितों की बलि : जदयू

**पटना@पदमावत मीडिया।** जदयू विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता पूजा पैट्रिक ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर पारिवारिक हितों का पक्षधर होने का आरोप लगाते हुए फरक्का जल समझौते पर बिहार के हितों की बलि चढ़ाने का आरोप लगाया।लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर 1996 को हुई इस संधि के दौरान वो केंद्र की संयुक्त मोर्चा सरकार में प्रभावशाली भूमिका में थे और उसी दौरान वो बिहार के मुख्यमंत्री भी थे। साथ ही उस सरकार में तत्कालीन विदेश मंत्री आई के गुजराल से भी उनके अच्छे संबंध थे इसके बावजूद भारत और बांग्लादेश के बीच हुई इस जल संधि के विरोध में उन्होंने कोई आवाज नहीं उठाई। लालू प्रसाद से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि यह संधि 12 दिसंबर 1996 को हुई थी लेकिन इसके पहले ही वो चारा घोटाले में अभियुक्त करार दिए गए थे। उन्होंने कहा कि जेल जाने के डर से उन्होंने बिहार के हितों की बलि चढ़ाने का काम किया। जबकि माननीय श्री नीतीश कुमार जी ने हमेशा इस संधि का विरोध किया और उन्होंने पुरजोर तरीके से गंगा नदी में गाद के मसले को उठाया। माननीय श्री नीतीश कुमार ने हमेशा जल प्रबंधन एवं उससे जुड़ी समस्याओं को मजबूती से उठाने का काम किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि फरक्का बराज पर नए सिरे से विचार होना चाहिए। जिस वीडियो का जिक्र कर लालू प्रसाद ये दावा कर रहे है कि उन्होंने गंगा जल संधि पर कड़ा विरोध किया था दरअसल वो वीडियो 19 दिसंबर 2011 का है जब वो केंद्र की यूपीए सरकार से बाहर थे।

### गदेरी नदी में फंसे 9 लोगों का साहसिक रेस्क्यू, सागर पुलिस-एसडीआरएफ ने सुरक्षित बचाया



**सागर@पदमावत मीडिया।** आबचंद गुफा क्षेत्र में गदेरी नदी के तेज बहाव में फंसे 9 लोगों को सागर पुलिस, एसडीआरएफ और होमगार्ड की संयुक्त टीम ने साहसिक रेस्क्यू कर सुरक्षित बचा लिया। पुलिस टीम घने जंगल और दुर्गम रास्ते से करीब 4 किलोमीटर पैदल चलकर मौके पर पहुंची। 22 अगस्त को डायल-112 और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि नदी के तेज बहाव के कारण 9 लोग पानी से घिर गए हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। आबचंद गुफा की ओर से पहुंचना मुश्किल होने पर आबचंद गांव की ओर से वैकल्पिक मार्ग अपनाया गया। टीम ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद, जीपीएस और सर्चलाइट के सहारे रेस्क्यू स्थल तक पहुंच बनाई। मौके पर नदी का बहाव तेज होने के कारण एसडीआरएफ और होमगार्ड के जवानों ने विशेष रेस्क्यू कौशल का परिचय देते हुए नदी में उतरकर सभी 9 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और स्वस्थ पाए जाने पर उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान पुलिस, एसडीआरएफ, होमगार्ड, स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस कंट्रोल रूम के बीच बेहतर समन्वय रहा। अभियान ने संकट की स्थिति में पुलिस और बचाव दल की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

दैनिक पदमावत मीडिया – डिजिटल संस्करण, स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail:- padmavatmedia@gmail.com / Web:- padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।